यूपी में कारोबारी दिक्कतों का फीडबैक शीर्ष उद्यमियों से लेगी सरकार

लखनऊ। प्रदेश में तेज और सरल औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश सरकार ने अभिनव प्रयोग किया है। जमीनी स्तर पर कारोबारी दिक्कतों को समझने और दूर करने के लिए पहली बार उद्यमियों की सलाहकार समिति का गठन किया गया है। समिति में अलग-अलग सेक्टर के 25 शीर्ष उद्योगपतियों को स्थान दिया गया है। इसके अध्यक्ष औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी होंगे।

सोम प्रकाश गोयनका

पहली बार कारोबारियों की सलाहकार समिति गठित, 25 शीर्ष उद्योगपति शामिल

समिति में गोल्डी मसाले के अध्यक्ष सोम प्रकाश गोयनका, हल्दीराम के एमडी मनोहर लाल अग्रवाल, एक्शन शूज के सुभाष कुमार, केंट आरओ के एमडी महेश गुप्ता और आनंदा डेयरी के चेयरमैन राधेश्याम दीक्षित सहित शीर्ष उद्योगपतियों को स्थान दिया गया है। समिति में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह सहित कई शीर्ष अधिकारी भी रहेंगे। समिति के शीर्ष कारोबारियों के साथ जल्द ही एक बैठक की जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि यूपी को ग्लोबल प्लेटफार्म पर पहचान देने वाले इन कारोबारियों की राय से औद्योगिक सुगमता सूचकांक का सही मायने में असर दिखेगा। ब्यूरो